दूरभाषः 7052777783 / 95 **स्पीड पोस्ट**

प0सं0 501 / 1 / एडमी / प्रशि0 / यूपीएसएस / 2024
कैप्टन मनोज कुमार पाण्डेय
उ0प्र0 सैनिक स्कूल, सरोजिनीनगर,
लखनऊ, पिन–226008

दिनांकः .... जनवरी 2025

सेवा में,

Mr/Mrs <FATHER NAME/MOTHER NAME

<CORRESPONDANCE ADDRESS>

Mob-<MOBILE NO>

विषयः कैप्टन मनोज कुमार पाण्डेय उ0 प्र0 सैनिक स्कूल, लखनऊ एवं सैनिक स्कूल गोरखपुर, उ0प्र0 में सत्र 2025–26 में प्रवेश हेतु साक्षात्कार पत्र

प्रिय महोदय / महोदया,

1. आपको सूचित किया जाता है कि लिखित प्रवेश परीक्षा परिणाम 2025–26 के आधार पर आपका / आपकी पुत्र / पुत्री **<CANDIDATE NAME>** अनुक्रमांक **<ROLL NO>** कक्षा **<CLASS>** के लिए साक्षात्कार हेतु सफल घोषित हुआ / हुई है।

2. आपके पुत्र / पुत्री को विद्यालय द्वारा निर्धारित प्रारूप पर मेडिकल कराकर साक्षात्कार हेतु दिनांक **<DATE>** को प्रातः **<TIME>** बजे **कैप्टन मनोज कुमार पाण्डेय उ0प्र0 सैनिक स्कूल, लखनऊ में** साक्षात्कार पत्र एवं प्रवेश पत्र (जो कि लिखित परीक्षा हेतु पूर्व में जारी किया जा चुका है) के साथ पेन, पेन्सिल एवं निम्न प्रमाण पत्र की मूल एवं अभिभावक द्वारा प्रमाणित एक–एक छाया प्रति लाना अनिवार्य है। निम्न प्रमाण पत्र प्रस्तुत न करने पर अभ्यर्थी को साक्षात्कार से वंचित कर दिया जाएगा।

(क) अभ्यर्थी का जन्म प्रमाण पत्र जो कि नगर निगम / जन्म प्रमाण पत्र अधिकारी द्वारा जारी किया गया हो।
(ख) अभ्यर्थी का जाति प्रमाण पत्र (**OBC, SC, ST** हेतु), आर्थिक रूप से पिछड़े होने (**EWS**) का प्रमाण पत्र (केवल सामान्य श्रेणी हेतु)
(ग) अभ्यर्थी का मूल निवास प्रमाण पत्र
(घ) विद्यालय द्वारा निर्धारित प्रारूप रूप पर जिला चिकित्सा अधिकारी द्वारा दिया गया मेडिकल प्रमाण पत्र। (प्रारूप वेबसाइट पर उपलब्ध है)

3. साक्षात्कार हेतु ड्रेसः–
(क) बालिकाः अभ्यर्थी को सफेद सलवार कुर्ता या ट्रैक सूट एवं सफेद जूता, सफेद मोजे में होना चाहिए। अत्यधिक ठंठ होने की स्थिति में स्वेटर, ब्लेजर या जैकेट पहना जा सकता है।
(ख) बालक अभ्यर्थी को सफेद फुल शर्ट एवं पैण्ट, सफेद जूता एवं मोजे (पी.टी. शूज) मे होना चाहिए। अत्यधिक ठंठ होने की स्थिति में स्वेटर, ब्लेजर या जैकेट पहना जा सकता है।

4. साक्षात्कार के दौरान रहने एवं खाने—पीने की व्यवस्था अभिभावक को स्वयं अपने स्तर से करनी होगी। साक्षात्कार एवं चिकित्सीय परीक्षण के लिए विद्यालय द्वारा किसी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।

5. अभिभावकों से अनुरोध है कि वे विद्यालय परिसर में निर्धारित स्थान पर ही बैठें एवं इधर उधर न घूमें जिससे साक्षात्कार के दौरान कोई व्यवधान न हो।

6. <u>कृपया निम्न बिन्दुओं पर विशेष ध्यान दें।</u>

(क) चिकित्सीय परीक्षण में फिट पाये जाने के उपरान्त प्रवेश सुनिश्चित न समझें।

(ख) चिकित्सीय परीक्षण के उपरांत वरीयता एवं आरक्षण नियमों के अनुसार वरीयता सूची के आधार पर प्रवेश दिया जाएगा।

(ग) आर्थिक रूप से पिछड़े (EWS), पिछड़ी जाति, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थियों को सक्षम अधिकारी द्वारा निर्गत EWS प्रमाण पत्र/ सम्बन्धित जाति प्रमाण पत्र की मूलप्रति एवं उसकी एक छाया प्रति साक्षात्कार के समय लाना आवश्यक है। इन प्रमाण पत्रों को प्रस्तुत करने के लिए अतिरिक्त समय नहीं दिया जायेगा। विमुक्ति जाति के अभ्यर्थी अनुसूचित जनजाति में मान्य नहीं है, अनुसूचित जनजाति का ही प्रमाण पत्र मान्य होगा।

(घ) जन्म प्रमाण पत्र सभी अभ्यर्थियों को लाना अनिवार्य है जो कि नगर निगम/जन्म प्रमाण पत्र अधिकारी द्वारा जारी किया गया हो। जन्म प्रमाण पत्र प्रस्तुत न करने पर साक्षात्कार से वंचित कर दिया जाएगा।

(ड.) किसी प्रकार की सिफारिश एवं दवाब की स्थिति में अभ्यर्थन निरस्त समझा जाएगा।

भवदीय

(राजेश राघव)
कर्नल
प्रधानाचार्य

नोटः निर्धारित मेडिकल प्रारूप विद्यालय की वेबसाइट **www.upsainikschool.org** से डाउनलोड करें।